हमारा स्वास्थ्य
हमारी आवाज़

किशोर लड़कों व लड़कियों के साथ यह सहभागी शोध, प्रिया, ग्लासगो विश्वविद्यालय और गुरुग्राम विश्वविद्यालय द्वारा 'हमारा स्वास्थ्य, हमारी आवाज़' कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुग्राम शहर की अनौपचारिक बस्तियों में किया गया है। इस शोध का उद्देश्य किशोर स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहभागी शोध की पद्धति के प्रयोग को बढ़ावा देना है।

केंद्रित समूह चर्चा
02

सहभागी:
किशोर लड़के और लड़कियां

सहभागियों की संख्या:
13
प्रति चर्चा

समय अवधि:
60-90
मिनट प्रति चर्चा

किशोर लड़कों और लड़कियों के साथ ऑनलाइन केंद्रित समूह चर्चा (Focussed Group Discussion)

लड़के और लड़कियों के लिए, उनके घर के भीतर और बाहर और उनके समुदाय में, सुरक्षा की अवधारणा अलग-अलग है।

किशोर घर में सुरक्षित महसूस करते हैं। उन्हें मिलने वाली डांट या सजा के डर के बावजूद वे अपने माता-पिता पर भरोसा कर सकते हैं।

पैदल यात्रियों और बाइक सवारों की अभद्र भाषा और सीटी बजाने आदि के कारण अक्सर लड़कियों को स्कूल का रास्ता 'असुरक्षित' महसूस होता है।

शहरी अनौपचारिक बस्तियों में रहने वाले किशोर लड़कों और लड़कियों में सुरक्षा सबंधी दृष्टिकोण का पता लगाना

किशोर 'सुरक्षा' को कैसे देखते हैं?

वे कौन से कारक हैं जो किसी स्थान को किशोरों के लिए 'सुरक्षित', 'असुरक्षित' या 'कुछ हद तक सुरक्षित' बनाते हैं?



सुरक्षा मानचित्रण

सहभागियों के साथ सुरक्षा मानचित्रण विधि के द्वारा विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा संबंधी अवधारणा का पता लगाया गया। इन चर्चाओं में किशोर लड़कों और किशोर लड़कियों द्वारा अलग-अलग उत्तर प्राप्त हुए। किशोरों ने 'सुरक्षा' शब्द की अपनी समझ को 'संरक्षण' के रूप में परिभाषित किया। उन स्थानों की पहचान करने में किशोरों की सहायता की गई जहां वे अक्सर जाते हैं।

किशोरों द्वारा चिन्हांकित किये गए स्थान

घर, स्कूल, सड़कें, बाज़ार, मॉल, पार्क, सिनेमा हॉल

इन स्थानों पर सुरक्षा के अनुभवों को सहजकर्ता द्वारा 'स्माइली' स्टिकर' - 'सुरक्षित', 'असुरक्षित', 'कुछ हद तक सुरक्षित' का उपयोग कर चिह्नित किया गया। ज़ूम व्हाइटबोर्ड पर एक सुरक्षा चार्ट बनाया गया। विभिन्न स्थानों को स्माइली की संख्या के आधार पर किशोरों के दृष्टिकोण से उनके सुरक्षा के स्तर के लिए रेट किया गया।

PRIA · SHLC Centre for Sustainable, Healthy and Learning Cities and Neighbourhoods · University of Glasgow · UK Research and Innovation · GCRF Global Challenges Research Fund

किशोरों के दृष्टिकोण से सुरक्षा

"घर मेरे लिए एक सुरक्षित स्थान है। मैं सड़क पर मेरे साथ होने वाले किसी भी उत्पीड़न को माता-पिता के साथ साझा कर सकता हूँ" – किशोर लड़का

"स्कूल मेरे लिए सुरक्षित है, वहां मुझे सभी सुविधाएं प्राप्त हैं। कैमरे भी लगे हुए हैं और अनुशासन का पालन किया जाता है" – किशोर लड़की

अधिकांश किशोरों ने अपने 'घर' को एक सुरक्षित स्थान बताया क्योंकि वे अपने रोज़मर्रा के जीवन में होने वाली घटनाओं पर अपने माता-पिता के साथ चर्चा कर सकते हैं। हालाँकि, उन्हें उस डांट-फटकार और सज़ा का डर भी था जो उनके माता-पिता और देखभालकर्ताओं द्वारा उनकी 'गलतियों' के लिए दी जाती है । 'स्कूल' को भी 'सुरक्षित स्थान' माना गया।

"मुझे गुरुग्राम की व्यस्त सड़कों पर ट्रैफिक का ध्यान रखना पड़ता है। कभी-कभी, कारें इतनी तेज़ी से दौड़ती हैं कि मुझे स्कूल जाते हुए डर लगता है कि कहीं रास्ते में दुर्घटना न हो जाए" – किशोर लड़की

"गुजरने वाले बाइक सवार अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। उनमें से कुछ महिलाओं को भद्दी टिप्पणियां पास करने के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं" – किशोर लड़की

अधिकांश किशोरों ने स्कूल के रास्ते को 'असुरक्षित' महसूस किया। यातायात नियमों की अनदेखी करतीं तेज़ गाड़ियाँ, पैदल चलने वालों और बाइक सवारों द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग व अनुचित टिप्पणियां स्कूल जाने के रास्ते को 'असुरक्षित' महसूस कराती हैं।

"समाज की महिलाएं लड़कियों को उनके कपड़ों के आधार पर आंकती हैं और उनसे हमारी नैतिकता का मूल्यांकन करती हैं। यहां तक कि अगर हम किसी लड़के के साथ कहीं चले जाएं, तो महिलाएं इसे बहुत बड़ा मुद्दा बना देती हैं" – किशोर लड़की

"अगर वे (हमारे बड़े) हमारे बारे में बातें करें, या हमें धमकाएं तो हमें पता है हमें उन्हें उसी समय कैसे जवाब देना है। जो हमारी गैरमौजूदगी में दूसरों से हमारे बारे में बात करते हैं, उनकी परवाह हम क्यों करें?" – किशोर लड़का

समुदाय के भीतर किशोर लड़कों और लड़कियों द्वारा सुरक्षा की अवधारणा पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएँ और धारणाएँ सामने आईं। जबकि कुछ ने अपने समुदाय को एक सुरक्षित स्थान माना, कुछ ने समुदाय के अन्य लोगों द्वारा आकलन किये जाने की उग्रता और डर की वजह से समुदाय को 'असुरक्षित' माना।

"अगर हमें अपने दोस्तों के साथ बाहर जाना है, तो मैं खुले बाजारों की बजाय किसी मॉल में जाना पसंद करूंगी। मॉल सार्वजनिक बाजारों से अधिक सुरक्षित हैं।" – किशोर लड़की

मॉल या सुरक्षापूर्ण शॉपिंग सेंटर में सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी के कारण खुले बाजारों की तुलना में उन्हें अधिक सुरक्षित माना गया। खुले बाजार की भीड़ लड़कियों को अनुचित स्पर्श करते पुरुषों को 'आड़ देने' का काम करती है। भीड़ भरे बाजारों में जेब-कटना भी एक चिंता का विषय है।

किशोरों के साथ केंद्रित समूह चर्चा (FGD) की विस्तृत रिपोर्ट देखने के लिए थंबनेल पर क्लिक करें।

"गुरुग्राम में किशोरों और उनकी देखभालकर्ताओं के साथ केंद्रित समूह चर्चा (FGD)" पर विडियो देखने के लिए थंबनेल पर क्लिक करें।

www.pria.org | PRIA_India

pria.india | @priaorg

PRIA Knowledge. Voice. Democracy. PRIA
SHLC Centre for Sustainable, Healthy and Learning Cities and Neighbourhoods
University of Glasgow
UK Research and Innovation
GCRF Global Challenges Research Fund